स्थापित : 1979 विद्यालय संख्या : 70728 सम्बद्धता संख्या : 2130028

सी.बी.एस.ई. से मान्यता प्राप्त

# जुगल देवी सरस्वती विद्या मन्दिर

वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दीन दयाल नगर, कानपुर - 208 002

**विवरणिका : 2025-26** विद्या भारती से संबद्ध **PROSPECTUS : 2025-26**




मेधावी छात्र अलंकरण समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि श्री अंकित तिवारी (उप आयकर निदेशक, कानपुर), विशिष्ट अतिथि डा. रिचा गिरि (उप प्राचार्य जी.एस.वी.एम. मेडिकल कालेज, कानपुर अध्यक्ष श्री प्रेमचन्द्र गुप्त, प्रबन्धक डा. जगन्नाथ गुप्त, सदस्य डा. कमल किशोर गुप्त, प्रधानाचार्य हरि प्रसाद शर्मा, विद्यालय के आचार्य आचार्या एवं सम्मानित छात्र-छात्राएँ


दूरभाष : 0512-2580667 (विद्यालय) ● E-mail : jds_kanpur@rediffmail.com ● Website : www.jugaldevisvm.org



वर दे वीणा वादिनि



नमामि रामं रघुवंश नाथम्



नमामि भारत जननीम्



हवन पूजन करते हुये प्रधानाचार्य, आचार्य एवं बच्चे



पुण्यात्मा स्व. माँ जुगल देवी



सीबीएसई आर ओ प्रयागराज डॉ. श्वेता अरोड़ा, बहिन प्राची तिवारी (द्वादश) को विद्यालय टॉपर का पुरस्कार देती हुई।

# प्रवेश सम्बन्धी महत्वपूर्ण तिथियाँ

| कक्षा | आवेदन पत्र वितरण | | आयु सीमा | योग्यता | आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि | परीक्षा तिथि | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | दिनांक | समय | | | | दिनांक | समय |
| षष्ठ से नवम | 16 जनवरी 2025 से 20 फरवरी 2025 तक | प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 3 बजे तक | 01.04.2025 को 10 वर्ष से कम न हो जन्म 01.04.2015 के बाद का न हो 01.04.2013 के पहले का न हो। | मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्था से कक्षा 5 उत्तीर्ण | 20 फरवरी 2025 | 23 फरवरी 2025 | प्रातः 10:00 बजे से 12:30 बजे तक |
| | | | 01.04.2025 को 13 वर्ष से कम न हो जन्म 01.04.2012 के बाद का न हो 01.04.2010 के पहले का न हो। | मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्था से कक्षा 8 उत्तीर्ण | | | |
| एकादश | 16 जनवरी 2025 से 20 मार्च 2025 | | 01.04.2025 को 15 वर्ष से कम न हो जन्म 01.04.2010 के बाद का न हो 01.04.2008 के पहले का न हो। | मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्था से कक्षा 10 उत्तीर्ण | 22 मार्च, 2025 तक जमा किया जा सकेगा | 23 मार्च, 2025 | |

| | | |
|---|---|---|
| कक्षा षष्ठ एवं नवम के प्रवेश परीक्षा परिणाम की घोषणा 26 फरवरी2025 शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि 9 मार्च 2025 | कक्षा एकादश के प्रवेश परीक्षा परिणाम की घोषणा 26 मार्च 2025, शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 07 अप्रैल 2025 | आवेदन पत्र शुल्क रु. 400/- (रुपये चार सौ मात्र) |

# ADMISSION RELATED IMPORTANT DATES

| Class | Detail of Form Distribution | | Age Limit | Qualification | Last Date of Admission Form Submission | Examination Date | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Date | Time | | | | Date | Time |
| 6th to 9th | 16 Jan. 2025 to 20 Feb. 2025 | From 10:00 a.m. to 3:00 p.m. | Not less than 10 years as on 01-04-2025 (D.O.B. between 01-04-2013 to 01-04-2015) | 5th Passed from any recognised Institution | 20 Feb. 2025 | 23 Feb. 2025 | Morning 10:00 a.m. to 12:30 Noon |
| | | | Not less than 13 years as on 01-04-2025 (D.O.B. between 01-04-2010 to 01-04-2012) | 8th Passed from any recognised Institution | | | |
| 11th | 16 Jan. 2025 to 20 March 2025 | | Not less than 15 years as on 01-04-2025 (D.O.B. between 01-04-2008 to 01-04-2010) | 10th Passed from any recognised Institution | 20 March 2025 will be last date | 23 March 2023 | |

| | | |
|---|---|---|
| Result of Entrance Examination Class VI & IX 26 February 2025 Last Date of Fee Deposit 09 March 2025 | Result Entrance Examination Class XI 20 March 2025. Last Date of Fee Deposit 07 April 2025 | Fee of Admission Form Rs. 400/- (Rs. Four Hundred only) |

## एक पुण्य स्मृति

यह विद्यालय महानगर के कोलाहल से दूर प्राकृतिक सुरम्य वातावरण में चिड़ियाघर के समीप एक एकड़ भूमि खण्ड पर स्थित शैक्षणिक वातावरण से परिपूर्ण है। इसमें 30 कक्षा-कक्ष, आकर्षक माँ सरस्वती, मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम एवं हनुमान की संगमरमर की प्रतिमाओं से सुशोभित 40'x80' का एक विशाल कक्ष एवं विज्ञान उपकरणों से सुसज्जित तीन विज्ञान प्रयोगशालाएँ, 12 हजार से अधिक पुस्तकों का विशाल पुस्तकालय एवं वाचनालय कक्ष, क्रीड़ा कक्ष, कम्प्यूटर कक्ष, N.C.C. कक्ष, यथावश्यक प्रशासनिक कक्ष एवं अन्य कक्ष हैं। इस चौमंजिले विद्यालय भवन का निर्माण स्व. डॉ. ईश्वर चन्द्र गुप्त एवं श्री प्रेमचन्द्र गुप्त (कैलाश मोटर्स) ने व्यक्तिगत उद्यम तथा जयनारायण चेरीटेबुल ट्रस्ट के अर्थ सहयोग (लगभग एक करोड़ रुपये के व्यय) से सम्पन्न कराया था। विद्यालय की भवन रचना एवं शैक्षिक वातावरण सभी आगन्तुकों को प्रभावित करता है।

स्व. डॉ. ईश्वर चन्द्र जी एवं श्री प्रेमचन्द्र जी का यह स्तुत्य प्रयास अपनी पूज्या **माँ स्वर्गीय जुगल देवी** की पुण्य स्मृति में हुआ है। माँ जुगल देवी धर्म परायण एवं सदाचरण में भारतीयता की प्रतिमूर्ति थीं। आशा है कि इस विद्यालय के वातावरण में उनकी पुण्य स्मृति दीपशिखा की तरह जीवन्त रहेगी और उक्त उदात्त उद्देश्य पूर्ति हेतु हम सभी को सदैव आलोकित करती रहेगी।

विद्यालय **केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद, नई दिल्ली** से मान्यता प्राप्त तथा "**विद्या भारती से सम्बद्ध**" कक्षा षष्ठ से द्वादश तक की शिक्षा छात्र-छात्राओं को प्रदान कर रहा है।

कक्षा 6 से 8 : हिन्दी, संस्कृत, आंग्ल भाषा, विज्ञान, गणित तथा सामाजिक विज्ञान, कम्प्यूटर।

कक्षा 9 व 10 : हिन्दी (002), संस्कृत (122), आंग्ल भाषा (184), गणित (041), विज्ञान (086), सामाजिक विज्ञान (087), सूचना प्रौद्योगिकी (165)

कक्षा 11 व 12 (विज्ञान वर्ग) : हिन्दी (302), संस्कृत (322), आंग्ल भाषा (301), भौतिक विज्ञान (042), रसायन विज्ञान (043), गणित (041) / जीव विज्ञान (044), कम्प्यूटर विज्ञान (083), शारीरिक शिक्षा (048)

कक्षा 11 व 12 (वाणिज्य वर्ग) : हिन्दी (302), संस्कृत (322), आंग्ल भाषा (301), लेखा विषय (055), व्यावसायिक अध्ययन (054), अर्थशास्त्र (030), कम्प्यूटर विज्ञान (083), शारीरिक शिक्षा (048)

## प्रवेश सम्बन्धी विवरण

**(कक्षा षष्ठ, नवम एवं एकादश मे प्रवेश सम्बन्धी नियम)**

1. **प्रवेश हेतु परीक्षा निर्धारित तिथि को होगी।**
2. **प्रवेश फार्म में रिक्तियाँ ठीक से भरकर और क्रमांक 1 से 5 तक पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा सत्यापित करायें या स्वयं प्रमाणित करें। ओवर राइटिंग एवं फ्लूड लगाकर भरने पर फार्म निरस्त हो जायेगा। प्रवेश फार्म एवं टी.सी. का विवरण एक सा होना अनिवार्य है। अन्यथा प्रवेश निरस्त किया जा सकता है।**
3. प्रवेश के समय, पूर्व विद्यालय के स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र की मूल प्रति प्रस्तुत करना होगा। **कानपुर से भिन्न जनपद के विद्यालय का प्रमाण-पत्र जनपद के जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा प्रति हस्ताक्षरित होना चाहिए। टी.सी. जमा न करने की स्थिति में अण्डर टेकिंग देना होगा।**
4. प्रवेश परीक्षा हेतु प्रश्न पत्रों की रचना कक्षा 11 के लिये हाईस्कूल, कक्षा 9 के लिये कक्षा 8 और कक्षा 6 हेतु पंचम कक्षा के पाठ्यक्रम को आधार मानकर छात्रों की योग्यता परखने के लिये की जायेगी। विषयों के पूर्णांक तथा हल करने का समय निम्नांकित होगा। परीक्षा लिखित होगी जिसमें वस्तुनिष्ठ (Objective) तथा वर्णनात्मक दोनों प्रकार के प्रश्न पूछे जायेंगे।

**कक्षा षष्ठ एवं नवम हेतु**

| **विषय** | पूर्णांक | समय | |
|---|---|---|---|
| हिन्दी | 20 | 30 मिनट | 2.5 घण्टे |
| अंग्रेजी | 30 | 45 मिनट | |
| गणित | 30 | 45 मिनट | |
| सामान्य ज्ञान एवं विज्ञान | 20 | 30 मिनट | |

**कक्षा एकादश हेतु**

| **विषय** | पूर्णांक | समय | |
|---|---|---|---|
| गणित | 40 | 60 मिनट | 2.5 घण्टे |
| विज्ञान | 30 | 45 मिनट | |
| अंग्रेजी | 30 | 45 मिनट | |

5. प्रवेश परीक्षा में निर्धारित अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को वरीयता क्रम से प्रवेश समिति द्वारा चयनित किया जायेगा। प्रवेश-समिति आवश्यकतानुसार प्रवेशार्थी का साक्षात्कार भी कर सकती है, जिसके लिये तैयार रहना चाहिए। स्तर निर्धारण और प्रवेश करने का सम्पूर्ण अधिकार प्रधानाचार्य को है, जो अन्तिम और सर्वमान्य होगा।
6. **प्रवेश परीक्षा के अंक भेजने या बताने का कोई प्रावधान नहीं है।**
7. प्रवेश योग्य छात्रों की सूची विद्यालय के सूचना पट पर लगा दी जायेगी। परीक्षार्थी को व्यक्तिगत रूप से सूचित नहीं किया जायेगा।
8. चयनित छात्रों को निर्धारित तिथि के भीतर प्रवेश लेना अनिवार्य है अन्यथा उनका चयन स्वतः निरस्त हो जायेगा और उनके स्थान पर प्रतीक्षा सूची के प्रवेशार्थी को स्थान दिया जायेगा।

## A PIOUS MEMORY

Far from bedlam of city, the school is located in pleasant and natural surroundings near Allen Forest, Kanpur in 1 acre of land area. It has a big assembly hall (40'x80') decked with beautiful images of goddess Ma Saraswati, Bharat Mata and attractive marble idols of Lord Ram and his great Devotee Lord Hanuman alongwith 30 spacious class rooms, 3 fully equipped science laboratories, a big library and reading room containing 12000 books on various subjects, a computer room, a sports room, an NCC room and many other rooms for administration.

This four storyed building was constructed by renowned industrialist Late Dr. Ishwar Chandra Gupta and Shri Prem Chandra Gupta with the financial support of one crore from their own enterprise and Jai Narayan Charitable trust.

This commendable endeavour of hon'ble brothers was dedicated to society in the pious memory of their virtuous , venerable mother Rev. (Smt.) Jugal Devi who was an idol of Indian womanhood . We have a firm faith that her pious memory will live long and always keep lighting our path and enable us to reach our goal of nation building with sincerity and generosity.

This co-educational school is affiliated to CBSE and also associated with the quality & Value Education of Vidya Bharti. It renders education to the students from class 6th to 12th in the following subjects.

| | |
|---|---|
| 6th to 8th : | Hindi, English, Sanskrit, Mathematics, Science, Social Science, Computer. |
| 9th & 10th : | Hindi (002), Sanskrit (122), English (184), Mathematics (041), Science (086), Social Science (087) Foundation of Information Technology (165) |
| 11th & 12th : (Science Stream) | Hindi (302), Sanskrit (322), English (301), Physics (042), Chemistry (043), Mathematics (041)/ Biology (044), Computer Science (083)/PED (048) |
| 11th & 12th : (Commerce Stream) | Hindi (302), Sanskrit (322), English (301), Accountancy (055), Business studies (054), Economics (030), Computer Science (083)/PED (048) |

## RULES REGARDING ADMISSION

**(Admission related rules for Class 6th, 9th, 11th**

1. Entrance test will be held on the fixed date as declared .
2. Details of the entrance form must be filled carefully and serial No. 1 to 5 must be attested by the Principal of previous school. The details filled in entrance form must be similar to T.C. of previous school.
3. Transfer Certificate must be presented at the time of admission. If the candidate is from a district other than Kanpur, Transfer certificate must be countersigned by the Jila Vidyhalaya Nirikshak (DIOS) of that district.
4. Entrance test will be a written test consisting objective and descriptive questions from the standard of candidate's previous class the details (Subjects, maximum marks and the time allotted for the test) are given as under.

**For Class 6th & 9th**

| Subject | M.M. | Time | |
|---|---|---|---|
| Hindi | 20 | 30 Min. | 2.5 Hr. |
| English | 30 | 45 Min. | |
| Math | 30 | 45 Min. | |
| Social Studies & Science | 20 | 30 Min. | |

**For Class 11th**

| Subject | M.M. | Time | |
|---|---|---|---|
| Maths | 40 | 60 Min. | 2.5 Hr. |
| Science | 30 | 45 Min. | |
| English | 30 | 45 Min. | |

5. Selection will be on merit basis. Candidates may be called for an interview also. Sole right to admission is vested in the hands of the Principal. His decision is full and final.
6. List of the selected candidates will be put on notice-board to view the result.
7. There is no provision of sending or telling marks obtained by the candidate.
8. Selected students must take admission till the declared date otherwise their selection will be automatically cancelled. The candidates waiting for the opportunity will replace them in the waiting list.

## विद्यालय की विशेषताएँ

1. स्वच्छ, सुन्दर एवं आधुनिक साज-सज्जा से युक्त अपना भवन तथा एक विकसित क्रीड़ा स्थल।
2. सुयोग्य एवं संस्कारित आचार्यों द्वारा पंचमुखी शिक्षा एवं नवीन वैज्ञानिक पंचपदी विधि द्वारा शिक्षण।
3. संस्कारक्षम् वातावरण।
4. निर्धारित, नियमित गृह कार्य की व्यवस्था।
5. छात्र-छात्राओं की अन्त: शक्तियों एवं सद्‌वृत्तियों के विकास हेतु सघन सहपाठ्य क्रिया-कलाप यथा:
   (क) व्यवस्था, अभिरुचि, नागरिकता बोध तथा वक्तृत्व शक्ति विकास हेतु छात्र संसद की व्यवस्था।
   (ख) उत्तरदायित्व बोध हेतु छात्र मंत्रिमण्डल एवं विषय परिषदों का गठन।
   (ग) विषयों के व्यावहारिक ज्ञानवर्द्धन हेतु विभिन्न-छात्र परिषदों की रचना।
6. सामाजिक तथा भौगोलिक ज्ञानार्जन हेतु देशदर्शन-यात्रा, ऐतिहासिक स्थलों के दर्शन, छात्र-शिविर एवं शैक्षिक प्रदर्शनी आदि के आयोजन।
7. अपनी मातृभूमि, संस्कृति, धर्म, परम्परा एवं महापुरुषों के सम्बन्ध में ज्ञान प्राप्ति हेतु अनिवार्य ''संस्कृति ज्ञान परीक्षा।''
8. वैज्ञानिक एवं आधुनिकतम साधनों के द्वारा शारीरिक, योग एवं संगीत शिक्षा पर बल।
9. (अ) छात्रों के समुचित विकास की जानकारी हेतु आचार्य एवं अभिभावक सम्पर्क तथा वर्ष में कम से कम एक बार अभिभावक सम्मेलन।
   (ब) अभिभावक को अपने छात्र की प्रगति का विवरण विद्यालय से प्राप्त होता रहे, एतदर्थ प्रत्येक परीक्षा के बाद उस मास का अन्तिम कार्य दिवस ''**अभिभावक दिवस**'' के रूप में निर्धारित है।
10. लेखन प्रतिभा के विकास हेतु संस्कृत, अंग्रेजी तथा हिन्दी भाषाओं में छात्रों द्वारा दिये गये लेखों से युक्त '**संस्कार**' पत्रिका के प्रकाशन की व्यवस्था।
11. छात्रों के सर्वांगीण विकास की दृष्टि से पंचमुखी शिक्षा की व्यवस्था यथा-शारीरिक शिक्षा, मानसिक शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, नैतिक शिक्षा एवं आध्यात्मिक शिक्षा के अभिनव प्रयोग।
12. सामाजिक समरसता उत्पन्न करने के लिए समाज के उपेक्षित वर्ग में संस्कार केन्द्र का संचालन।
13. छात्र/छात्राओं के आवागमन हेतु विद्यालय की अपनी 02 सीएनजी बसों की व्यवस्था है।
14. विद्यालय में UP 55 BN से सम्बद्ध SD/JD व SW/JW (छात्र छात्राओं हेतु) NCC प्रशिक्षण की व्यवस्था है।
   (क) एकादश कक्षा में 'B' प्रमाण पत्र 12 दिन का एक शिविर (Camp) करने पर प्राप्त होगा। द्वादश कक्षा में 'C' प्रमाण पत्र 12 दिन के दो शिविर (Camp) करने पर तथा 'B' प्रमाण पत्र होने पर प्राप्त होगा। सभी Camps हेतु बटानियन द्वारा निर्धारित शुल्क Cadets द्वारा देय होगा।
   (ख) NCC 'C' प्रमाण पत्र धारक अभ्यर्थियों को इन्जीनियरिंग / मेडिकल परीक्षाओं में 1% आरक्षण प्राप्त है।
15. विद्यालय में अंग्रेजी बोलना सिखाने की विशेष व्यवस्था है।

## छात्र संसद के पदाधिकारी



**भैया रितुराज सिंह**
कक्षा - 12-ब
प्रधानमंत्री (छात्र संसद)



**बहन पूर्वी सिंह**
कक्षा - 10-स
उप प्रधानमंत्री (माध्यमिक वर्ग)



**बहन सृष्टि सिंह**
कक्षा - 7-ब
उप प्रधानमंत्री
(कनिष्ठ वर्ग)



**बहन एकता विश्वकर्मा**
कक्षा - 12-द
सभापति



**भैया हर्ष शुक्ला**
कक्षा - 11-अ
अनुशासन प्रमुख



**बहन अनाया जायसवाल**
कक्षा - 12-ब
अनुशासन मंत्री

## SALIENT FEATURES OF THE SCHOOL

1. Beautiful neat and clean, fully equipped building.
2. Quality and value - based education by experienced teachers through five-steps teaching method that emphasises applied approach for all round development of the students.
3. Austere and congenial surroundings.
4. Regular homework to the students.
5. Co-Curricular activities for developing inherent powers of the students.
   (A) Student parliament to develop oration and aptitude and train them in citizenship and organization .
   (B) Student cabinet for instilling in them sense of responsibility.
   (C) Formation of various subject-clubs for applied understanding of the subjects.
6. Arrangement of tours, camps and exhibitions to increase and update their geographic, historical and scientific knowledge.
7. Compulsory 'Sanskrit Gyan Pareeksha' to sensitise and enlighten the students about our motherland culture, religion, tradition and great men.
8. Emphasis on physical education and music teaching with technical and modern facilities by India fame teacher.
9. (A) Teacher's visit to the student's home and organizing PTA at school at least once in a year.
   (B) On the last working day of each month parents can contact the teachers after interval to know the progress of their child.
10. School magazine 'Sanskara' is published every year to encourage and motivate students to contribute in Hindi, English, Sanskrit. It improves their written expression.
11. An innovative approach for all round development of the students with emphasis on providing Physical education, mental education , vocational education, moral education and spiritual education.
12. Runs 'Sanskara Kendra' in city to promote social harmony and also inculcate the social sensibilities in them.
13. 02 CNG buses to provide conveyance facility.
14. Arrangement of NCC Training affiliated to UP55BN for SD/JD and SW/JW.
    (A) 'B' Certificate can be obtained after attending a camp of 12 days in class XI and 'C' certificate can be obtained after attending 2 camps of 12 days in class XII only after obtaining 'B' certificate.
    For all camps -the fee as fixed by battalion will be paid by the cadets.
    (B) 'C' Certificate help them avail 1% reservation in medical and engineering exams.
15. Special arrangement in school for teaching spoken English.

## SPORTS STARS (SESSION 2024-25) NATIONAL PRAYERS


National SGFI Badminton
**Subhi Dwivedi**
(Gold Medal)


National Judo Vrindavan
**Anokhi Singh**
(Silver Medal)


National Judo Vrindavan
**Jigyasa Gupta**
(Silver Medal)


National Judo Vrindavan
**Kanak Prajapati**
(Bronze Medal)


National Athletic Satna (MP)
**Rashi Kasyap**
(Bronze Medal)


National Kurash Vrindavan
**Anushka Sharma**
(Bronze Medal)


National Kurash Vrindavan
**Akash Singh**
(Bronze Medal)


National Judo Vrindavan
**Om Mishra**
(Bronze Medal)


National Judo Vrindavan
**Aryan Rajawat**
(Bronze Medal)


National Kurash Vrindavan
**Anshul Gupta**
(Silver Medal)


National Judo Vrindavan
**Yuvraj Bisht**
(Bronze Medal)


National Table Tennis
Rajasthan
**Sarthak Kumar**

## शुल्क सम्बन्धी सूचनाएँ

1. पंजीकरण शुल्क केवल नवीन प्रवेशार्थियों से लिया जायेगा। विद्यालय वस्तु-भण्डार के द्वारा छात्र दैनन्दिनी तथा शैक्षिक पंचांग छात्रों को प्राप्त होगा।
2. प्रतिभूति राशि भैया/बहन विद्यालय छोड़ने पर 6 माह के बाद और एक साल के अन्दर प्राप्त कर सकेंगे। इसके बाद रिफण्ड सम्भव नहीं होगा। प्रतिभूति राशि प्राप्त करने हेतु जमा रसीद की छाया प्रति फार्म के साथ संलग्न करना होगा। किन्तु अनुशासनहीनता या अन्य किसी प्रकार की विद्यालय को क्षति आदि पहुँचाने पर सम्बन्धित भैया/बहन की प्रतिभूति राशि आंशिक या पूर्ण जब्त की जा सकती है।
3. वाहन (बस) से आने वाले छात्रों को उपर्युक्त शुल्क के अतिरिक्त प्रतिमास ₹1500 अथवा ₹1700 दूरी के अनुसार देय होगा। **यह शुल्क हर परिस्थिति में 12 मास का लगेगा।** वाहन सुविधा निर्धारित किए गए मार्ग (रूट) पर ही प्राप्त हो सकेगी। रूट की सूचना अलग से दी जायेगी।
4. देश-दर्शन यात्रा, प्रतिभा विकास-वर्ग अथवा योग-शिविर हमारी शिक्षा व्यवस्था के अनिवार्य अंग हैं। सभी छात्रों को अनिवार्य रूप से इसमें भाग लेना होता है। अतएव सूचना प्रेषित की जाने पर निर्धारित शुल्क समय से विद्यालय में जमा करना चाहिए।
5. कक्षा दशम एवं द्वादश के छात्रों को अगस्त मास में बोर्ड द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क तथा नवम एवं एकादश के छात्रों के नामांकन (रजिस्ट्रेशन) शुल्क अलग से जमा करना होगा। जिसकी सूचना बोर्ड द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर दी जायेगी।
6. सत्र के मध्य में विद्यालय छोड़ने पर अप्रैल से सितम्बर तक का सम्पूर्ण शुल्क विद्यालय तथा वाहन का, इसी प्रकार अक्टूबर के बाद छोड़ने पर मार्च तक का शुल्क जमा करना होगा। इसमें किसी प्रकार की कोई भी छूट नहीं मिल सकेगी।
7. वाहन शुल्क भी अन्य शुल्क के साथ-साथ 5 खण्डों में सम्पूर्ण वर्ष का देय होगा। सभी छात्रों का सम्पूर्ण वर्ष का शुल्क जनवरी मास की दिनांक 10 से 20 तक जमा हो जाना आवश्यक है।
8. **शुल्क जमा करने की विधि :** शुल्क सीधे निर्धारित तिथियों में विद्यालय कार्यालय में जमा होगा। इसके लिए फीस पुस्तिका अलग से मिलेगी। समय से शुल्क न आने पर विलम्ब शुल्क के रूप में ₹ 200 देय मास की 25 तारीख के बाद तथा अगले माह में ₹ 500 देय होगा। तथा किसी भी दशा में चेक वापस होने पर ₹ 500 चेक वापसी दण्ड शुल्क देय होगा।
9. निर्धारित समय से शुल्क न जमा होने पर छात्र-छात्रा का नाम पृथक कर दिया जायेगा। दुबारा नाम लिखाने हेतु ₹ 500 दण्ड देय होगा।
10. प्रवेश के समय शुल्क, ड्राफ्ट अथवा पे आर्डर या ऑनलाइन से ही जमा होगा। नकद लेना सम्भव नहीं होगा।
11. प्रवेश हो जाने के पश्चात् किसी भी अवस्था में शुल्क वापस नहीं होगा।

प्रतिभूति राशि ₹ 2500/- एवं प्रवेश शुल्क ₹ 1000/- नवीन प्रवेशार्थी द्वारा देय होगी।

प्रतिभूति राशि ₹ 2500/- विद्यालय छोड़ने के 6 माह के बाद और एक साल के अन्दर प्राप्त कर सकेंगे।

इसके पश्चात प्रतिभूति राशि वापसी (Refund) सम्भव नहीं होगी। प्रतिभूति राशि प्राप्त करने हेतु शिक्षार्थी के बैंक खाते के पास बुक की छायाप्रति और जमा रसीद की छायाप्रति प्रतिभूति राशि वापसी आवदेन प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।



**भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित गुरु वन्दन कार्यक्रम में परिषद के अधिकारियों, डा. कमल किशोर गुप्त (सदस्य, प्रबन्ध समिति) द्वारा सम्मान प्राप्त करती हुई विद्यालय की आचार्या डा. गीता सिंह**

## विद्यालय वेश

**ग्रीष्मकालीन :**

(अ) **छात्रों के लिये** – कक्षा **षष्ठ** से **द्वादश** तक के छात्र श्वेत बनियाइन, पूरी आस्तीन की सफेद कमीज, फुल ग्रे पैण्ट (JCT फगवाड़ा 91 का शेड), फीतेदार चमड़े का काला जूता (स्कूल शू), डार्क ग्रे मोजे तथा विद्यालय बेल्ट, मोनोग्राम पहन कर आयेंगे।

(ब) **छात्राओं के लिये** – कक्षा **षष्ठ** से **द्वादश** तक की छात्राओं के लिए ग्रे कलर का कुर्ता (JCT फगवाड़ा 91 की शेड) क्वार्टर आस्तीन घुटने के नीचे तक, श्वेत सलवार व श्वेत दुपट्टा मोनोग्राम सहित, डार्क ग्रे मोजे, काले चमड़े के जूते तथा काला रिबन। दो चोटी बांधना अनिवार्य है।

**शीतकालीन :**

भैया-बहनों के लिये – शीतकाल में उपर्युक्त वेश के अतिरिक्त सादी बुनाई का नेवी ब्लू रंग का हाफ स्वेटर, नेवी ब्लू रंग का ब्लेजर तथा नीले रंग की गर्म टोपी अनिवार्य होगी।

**गुरुवार का वेश-(छात्रों के लिए)**

**षष्ठ से द्वादश तक** के छात्रों का वेश सफेद फुल पैंट, सफेद पूरी आस्तीन की कमीज मोनोग्राम सहित रहेगा। सफेद मोजे तथा सफेद जूते।

**(छात्राओं के लिए)**

**षष्ठ से द्वादश तक** की छात्राओं का वेश सफेद सलवार कुर्ता, सफेद दुपट्टा एवं सफेद मोजे, सफेद जूता रहेगा।

**प्रत्येक विद्यार्थी को निर्धारित वेश में ही आना आवश्यक है। निर्धारित वेश में न आने पर छात्र/छात्रा को आर्थिक दण्ड दिया जा सकता है अथवा घर लौटाया जा सकता है।**

## SCHOOL UNIFORM

**Summer Season**

**A. For Boys -**

Class 6th to 12th boys will wear white vest, full sleeves white shirt, full length pants (JCT Phagwara 91 shade) black school shoes with black laces, dark grey socks, school belt and monogram."

**B. For Girls -**

**For 6th to 12th -** Kurta (JCT Phagwara, 91 shade), white shalwar white dupatta with monogram black school shoes , dark grey socks , black ribbon.

(For girls -doing hair in 2 plaits is compulsory)

**Winter Uniform :**

For all the Students : In addition to the above said uniform Navy blue plain half sweater and Navy Blue colour Blazer with Monogram.

**Thursday - Uniform :Summer Season- (For Boys)**

**6th to 12th :** White full pants, White Full Shirt with monogram, White Socks & Whote Shoes.

**(For Girls)**

**6th & 12th :** White Shalwar White Kurta, White dupatta, White Socks & White Shoes.

**Every student must come to school in school uniform otherwise he/she can be fined or sent back to home.**



**सी.बी.एस.ई. बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भैया-बहिन, प्रधानाचार्य, आचार्य एवं आचार्या**

## अनुशासनात्मक नियम

1. लगातार पाँच दिनों तक पूर्व सूचना के बगैर अनुपस्थित रहने पर छात्र का नाम विद्यालय से पृथक कर दिया जायेगा। न आने की सूचना दूसरे दिन लिखित रूप में अभिभावक की ओर से सप्रमाण आनी चाहिए। नाम पृथक् होने पर अभिभावक द्वारा लिखित प्रार्थना पत्र व ₹ 500 पुनः प्रवेश शुल्क जमा करने पर ही नाम लिखा जायेगा। यह सुविधा एक बार ही दी जायेगी।
2. प्रत्येक छात्र की विद्यालय उपस्थिति प्रत्येक मासिक परीक्षा में 90 प्रतिशत होनी आवश्यक है। सी.बी.एस.ई. के नियमों के अनुसार इससे कम उपस्थिति वाले छात्र परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अयोग्य माने जाते हैं।
3. बोर्ड परीक्षार्थी (कक्षा दशम् एवं द्वादश के छात्र) को विद्यालय द्वारा आयोजित सभी मासिक व अर्द्धवार्षिक एवं पूर्वानुमानिक (प्रीबोर्ड) परीक्षा में प्रत्येक विषय में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। ऐसा न होने पर छात्र को बोर्ड परीक्षा से वंचित किया जा सकता है।
4. विद्यालय में आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों में छात्र की उपस्थिति अनिवार्य है अन्यथा छात्र को आर्थिक दण्ड अथवा अनुशासनात्मक कार्यवाही का सामना करना होगा।
5. किसी छात्र/छात्रा को विद्यालय के आचार्य/आचार्या से गृह शिक्षण (Tuition) नहीं लेना चाहिए। यह अवांछनीय है।
6. किसी भी छात्र को बहनों से अनुचित व्यवहार करने पर विद्यालय से निष्कासित किया जा सकता है।
7. शिक्षा विभाग के नियमानुसार छात्र को मोबाइल लेकर विद्या मन्दिर में आना प्रतिबंधित है। इस नियम का पालन करें अन्यथा मोबाइल जब्त कर लिया जायेगा। अभिभावकों को इसका पालन करवाना चाहिए।
8. विद्यालय के समस्त नियमों, उपनियमों का पालन करना अनुशासन की दृष्टि से छात्र के जीवन का अनिवार्य अंग होना चाहिए। ऐसा न होने पर छात्र को विद्यालय से निष्कासित किया जा सकता है।

## कक्षा–षष्ठ की प्रवेश परीक्षा हेतु पाठ्यक्रम

**1. हिन्दी** **अधिकतम अंक – 20** **समय – 30 मिनट**

हिन्दी की प्रख्यात कृतियों के नाम एवं रचनाकारों के नामों का ज्ञान। वर्णमाला पर आधारित प्रश्न, विलोम, पर्यायवाची, तत्सम, तद्भव, अनेकार्थी, समरूपी–भिन्नार्थक शब्दों का ज्ञान। सरल मुहावरे एवं प्रचलित लोकोक्तियों का व्यावहारिक ज्ञान। अपठित अंश। पत्र लेखन का अभ्यास। वाक्यांशों के लिये एक शब्द। संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया विशेषण व अव्यय आदि की पहचान करना। संस्कृत श्लोक–भावार्थ, निबन्ध/कहानी लेखन।

**3. सामान्य ज्ञान, विज्ञान** **अधिकतम अंक – 20** **समय – 30 मिनट**

1. कक्षा पंचम स्तर तक की विज्ञान की सामान्य जानकारी।
2. भारत की समसामयिक गतिविधियों का ज्ञान (शासन, प्रशासन, सामयिक एवं क्रीड़ा, ऐतिहासिक, भौगोलिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक आदि।)

**4. गणित** **अधिकतम अंक – 30** **समय – 45 मिनट**

1. पहाड़े, भिन्न, औसत, लाभ हानि, साधारण ब्याज, ल.स.प., म.स.प., ऐकिक नियम, अनुपात, घन, घनाभ का आयतन पर आधारित प्रश्न।
2. बीजगणित संख्या के स्थान पर अक्षरों के प्रश्न, इनका जोड़ व घटाना।
3. ज्यामिति आकृतियों का परिचय। रेखा, बिन्दु, कोण, त्रिभुज व चतुर्भुज प्रकार सहित, वृत्त व उसके अंग, कोण रेखा का विभाजन, पटरी, परकार, चाँदे की सहायता से।



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर समूह गीत प्रस्तुत करती हुई विद्यालय की छात्राएँ

## RULES REGARDING DISCIPLINE

1. If the student absents himself/herself without informing the school for 5 successive days the parents are expected to inform the school the reason of absence with proof immediately. Otherwise his/her name will be struck off the register and the parents will have to give application for re admission with a fine of Rs. 500/-
2. As CBSE orders each student must have 90% of the attendance in each monthly test.
3. The students must participate in all programmes conducted by the school otherwise he/she may be fined for indiscipline.
4. No student should take tuitions from the school teachers .
5. The parents must not give their sons and daughters mobile phones for school as it is restricted by education department. If any student is caught with mobile phone by the authorities, his/her phone will not be returned at any cost.
6. If a boy is found misbehaving with a girl student , he can be rusticated from school.
7. According to the rules of the Education Department, it is prohibited for the student to come to Vidhya Mandir with a mobile phone, follow this rule, otherwise the mobile will be confiscated, parents should follow it.
8. Following all the rules and regulations of the school should be an essential part of the student's life from the point of view of discipline, failing which the student can be expelled from the school.

## SYLLABUS FOR ENTRANCE EXAM - CLASS VI

**Note :** 4 Question paper will be in Entrance Exam.

**2- English** **M.M. - 30** **Time - 45 Mts.**

Knowledge of tenses, Number, Gender, Parts of Speech, Anotonyms and simple composition, fill in the blanks, knowledge of letter writing, translation, unseen passages, words & their meaning and uses.

**3- GK/Science** **M.M. - 20** **Time - 30 Mts.**

1. General Knowledge of Science (Class 5th Standard)
2. Knowledge of current affairs and general awareness of India, Government, Games, History, Geography and Cultural Activity.

**4- Mathematics** **M.M. 30** **Time 45 Mts.**

Tables Fractions, Average , Profit-Loss, Simple-Interest , Unitary Method, L.C.M., H.C.F., Ratio, Questions based on volume of cube and cuboid, understanding Elementary Shapes, Line, Point, Angle , Triangle , Kinds of Quadrilateral, Circles and its parts, Division of angle and line with the help of Rule and Compass. Addition and subtraction of algebric expression.




स्वाधीनता दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि मा. सांसद श्री देवेन्द्र सिंह भोले को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए प्रबन्धक डा. जगन्नाथ गुप्त और अध्यक्ष श्री प्रेम चन्द्र गुप्त

## कक्षा–नवम् की प्रवेश परीक्षा हेतु पाठ्यक्रम

**1. हिन्दी — अधिकतम अंक – 20 — समय – 30 मिनट**

1. वर्ण विचार भाषा, बोली व्याकरण। 2. शब्द एवं पद भेद। शब्दों के विविध रूप। 3. सन्धि, समास। 4. वाक्य परिचय, भेद, प्रकार, पारस्परिक परिवर्तन। 5. पर्यायवाची, विपरीतार्थक, श्रुतिसम भिन्नार्थक, अनेकार्थी शब्द। 6. वाक्यांशों के लिये एक शब्द, लोकोत्तियाँ एवं मुहावरें। 7. संस्कृत श्लोक–भावार्थ, सरल रूप। 8. प्रसिद्ध ग्रन्थ एवं उनके रचनाकारों के नामों का परिचय। 9. अपठित गद्यांश अथवा पद्यांश। 10. पत्र व निबन्ध लेखन।

**2. विज्ञान एवं सामान्य ज्ञान — अधिकतम अंक – 20 — समय – 30 मिनट**

जीवन की प्रक्रियाएँ, रक्त की संरचना, रचना वर्ग तथा रक्त आधान, प्रकाश और प्रकाशित यंत्र, मानव निर्मित वस्तुएँ, चुम्बकत्व, विद्युत धारा, खनिज एवं धातु, भारत की समसामयिक गतिविधियाँ शासन, क्रीड़ा, ऐतिहासिक, भौगोलिक, सांस्कृतिक आदि।

**4. गणित — अधिकतम अंक – 30 — समय – 45 मिनट**

वर्ग और वर्गमूल, संख्याओं से खेल, आलेखों से परिचय आंकड़ों का प्रबन्ध (औसत माध्य), घन व घनमूल, एक चर के रैखिक समीकरण, लाभ–हानि, चक्रवृद्धि ब्याज, सर्वसमिकाएं गुणनखण्ड, समान्तर रेखाएं, त्रिभुज व चतुर्भुज की रचनाएँ, मेन्सुरेशन (बेलन, शंकु का आयतन, वक्रपृष्ठ व सम्पूर्ण पृष्ठ पर आधारित प्रश्न)

## SYLLABUS FOR ENTRANCE EXAM - CLASS IX

**2- English — M.M. - 30 — Time - 45 Mts.**

Knowledge of tenses, Transformation of sentences, Voice, Narration, Preposition, Clauses, Letter writing, Story and Essay writing, Unseen passage of Prose

Poetry, Composition , Translation Hindi to English & English to Hindi.

**3- GK/Science — M.M. - 20 — Time - 30 Mts.**

Process of life, Structure of Blood, Blood Group and transforming. Light and Microscope and Telescope , objects made by Humans, Magnetism Electric Current, Metal Minerals.

Knowledge of Current Affairs and general awareness of India, Government, Games, History and Cultural Acitivity.

**4- Mathematics — M.M. - 30 — Time - 45 Mts.**

Squares and Square Roots, Playining with numbers, introduction of graphs. Data handling (average mean), Cubes and Cube roots, Linear equations in one variable profits and loss, compound interest, identities, factors , Parallel Line, Constructions of triangles and Quadrilaterals.

Mensurations (Questions of volume curved surface area, Total Surface area of cylinder and cone)

## प्रबन्ध – समिति

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| श्री प्रेमचन्द्र गुप्त<br>अध्यक्ष | श्री कुंजबिहारी<br>उपाध्यक्ष | डॉ. जगन्नाथ गुप्त<br>प्रबन्धक | श्री आशीष बंसल<br>सह–प्रबंधक | श्री विनोद अग्रवाल<br>कोषाध्यक्ष | श्री वीरेन्द्रजीत सिंह<br>सदस्य | डॉ. कमल किशोर गुप्त<br>सदस्य |
| श्री विकास अग्रवाल<br>सदस्य | श्री बेनी माधव गर्ग<br>सदस्य | श्रीमती शिवानी जी<br>सदस्य | श्री श्रीरामजी<br>सदस्य | श्री हरि प्रसाद शर्मा<br>पदेन सचिव (प्रधानाचार्य) | डॉ. सरस्वती अग्रवाल<br>शिक्षाविद् | डॉ. अमेय करकरे<br>शिक्षाविद् |
| डॉ. अनिल सिंह<br>सदस्य | श्री आर. सी. पाण्डे<br>सी.बी.एस.ई. द्वारा नामित प्रतिनिधि | श्री बलविंदर सिंह<br>सी.बी.एस.ई. द्वारा नामित प्रतिनिधि | डॉ. दीपेश सिंह<br>अभिभावक प्रतिनिधि | श्री विनय शुक्ला<br>अभिभावक प्रतिनिधि | श्री विवेक बाजपेई<br>आचार्य प्रतिनिधि | श्रीमती प्रियंका सक्सेना<br>आचार्य प्रतिनिधि |

## SYLLABUS FOR ENTRANCE EXAM - CLASS - XI

**Maths** **M.M.- 40** **Time- 1.00 Hrs.**

1. Solution of system of linear equations in two variables application involving the system of linear equations from different areas.
2. Quadratic equations , nature of roots, Solution of the equation by factorization and using formula, applications involving quadratic equation from different areas.
3. Square, Square roots, Cube, Cube roots, Exponential form.
4. Lowest common multiple & Highest common factor and logarithms .
5. **Mensuration:** Volume and surface area of right circular cylinder, cone, sphere and frustum of cones.
6. **Trigonometry:** Proving of simple identities based on $\sin^2 q + \cos^2 q = 1$, $1 + \tan^2 q = \sec^2 q$, $1 + \cos^2 q = \text{cosec}^2 q$, trigonometrical ration of complimentary angles, height and distance .
7. **Geometry:** Similar triangle, Pythagoras Theorem, Circle, Tangent to a circle.
8. **Statistics:** Mean of ungrouped and grouped datas.
9. **Co-ordinate Geometry:** Distance formula, section formula.

**Science** **M.M.- 30** **Time- 45 Mts.**

**Physics**

1. Measurement and Significant figures (Length, Time, Area, Mass, Density, Velocity)
2. Light, Reflection & Refraction (Mirrors & Lenses)
3. Thermal effect of electricity, (Ohm's Law, Electric Lamp, Electric Press, Problems based on consumption of Electrical energy i.e. P= VI)
4. Work , Energy and Power (Newton's Law's & Motion and its application)
5. Nuclear Fission and Nuclear Fusion.

**Chemistry**

1. Atomic Structure : To draw linear diagram, Valance, to calculate the molecular formulae of different compounds, oxides, halides etc.
2. Classification of elements : Properties of metal & non-metals, properties of their oxides periodic table and periodic properties : metallic nature, valance, electronic configuration.
3. Symbol, formulae of compounds of carbon : to determine the % of elements from their molecular formulae.
4. Allotropes of Carbon, compounds of carbon : methane and ethene.

**Biology**

1. Elementary genetic and inheritance
2. Environment
3. Cell structure and function
4. Nutrition & Excretion in mammals.
5. Reproduction in mammals.

**English** **M.M.- 30** **Time- 45 Mts.**


1. Unseen Passage
2. Letter Writing , Composition - Paragraph Writing
3. Grammar : Modals, Tense, Clauses and Narration, Glossary.

## TOPPERS OF A.I.S.C.E. - 2024 (CLASS - 12TH)

### SCIENCE STREAM



**Mayank Gupta**
94.6% (1st)



**Devansh Dwivedi**
91.2% (2nd)



**Shivam Srivastava**
90.8% (3rd)

### COMMERCE STREAM



**Ishan Rajput**
90% (1st)



**Anshika Tripathi**
89.9% (2nd)



**Manvi Shukla**
88.8% (3rd)




वार्षिक परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण समारोह 2024 के अवसर पर मुख्य अतिथि डा. विनोद कुमार सिंह (सदस्य-उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा आयोग, प्रयागराज), विशिष्ट अतिथि डा. अमेय करकरे (प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष कम्प्यूटर विभाग, आई.आई.टी. कानपुर), डा. दीपेश सिंह (सिविल इंजीनियरिंग प्रोफेसर, एच.बी.टी.यू. कानपुर) विद्यालय के अध्यक्ष श्री प्रेमचन्द्र गुप्त, प्रधानाचार्य हरि प्रसाद शर्मा, विद्यालय के आचार्य आचार्या एवं सम्मानित छात्र-छात्राएं

## हमारा लक्ष्य

इस प्रकार की राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली का विकास करना है जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो हिन्दुत्वनिष्ठ एवं राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक बौद्धिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की वर्तमान चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, और उनका जीवन ग्रामीण, वनवासी, गिरिकन्दराओं एवं झुग्गी-झोपड़ियों में निवास करने वाले दीन-दुखी अभावग्रस्त अपने बान्धवों को सामाजिक कुरीतियों, शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसम्पन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो। – विद्या भारती



मातृ सम्मेलन के अवसर पर छात्र-छात्राओं की माताओं का मार्गदर्शन करती हुई महिला महाविद्यालय, किदवई नगर की पूर्व प्रवक्ता डा. मोहिनी अग्रवाल



अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग करते मुख्य अतिथि डा. रजत आदित्य दीक्षित, विशिष्ट अतिथि डा. दीपेश सिंह, आचार्य-आचार्या और छात्र-छात्राएं



आचार्य श्री करुणा शंकर मिश्र और श्री विनोद कुमार द्विवेदी के विदाई समारोह के अवसर पर उनके साथ विद्यालय के आचार्य एवं आचार्या



क्षेत्रीय बैडमिन्टन प्रतियोगिता के समापन समारोह में विद्यालय के विजेता शुभि, यश, सौरभ व अन्य खिलाड़ी



विद्यालय में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण कराते छात्र-छात्राएं



प्रार्थना करते हुए सेवा निवृत्त होने वाले श्री अनुराग मिश्र



माँ जुगल देवी स्मृति वाद-विवाद प्रतियोगिता में पुरस्कार प्राप्त करते हुए विजयी छात्र-छात्राएं

# JUGAL DEVI SARASWATI VIDYA MANDIR

**(Varisth Madyamik Vidyalaya)**

**Deendayal Nagar, Kanpur - 208 002**

